# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

## CUH Four Students get Placement

**Newspaper: The Tribune** **Date: 03-08-2022**



### FOUR CUH STUDENTS GET JOBS

**Mahendragarh:** Four BTech students at the department of printing and packaging technology at the Central University of Haryana (CUH) have got employment opportunities in reputed companies. Prof Tankeshwar Kumar said these students were Shubham Garg, L Anthony David, B Vishwanath and Yadhu Krishnan. They had been offered jobs by Max Specialty Films Ltd, Punjab and Manohar Filaments Pvt Ltd, Chennai.

ASTRONOMY FEST ORGANISED

The Tribune Wed, 03 August 2022
https://epaper.tribuneindia

Central University of Haryana

NAAC Accredited 'A' Grade University

Public Relations Office

Newspaper: Dainik Bhaskar Date: 02-08-2022

# हकेंवि के चार विद्यार्थियों का हुआ प्लेसमेंट

**महेंद्रगढ़** | हकेंवि के बीटेक प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग टेक्नोलॉजी विभाग के चार विद्यार्थियों को देश की प्रतिष्ठित कम्पनियों में रोजगार का अवसर प्राप्त हुआ है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने प्लेसमेंट पाने वाले विद्यार्थियों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग के क्षेत्र में रोजगार के भरपूर अवसर उपलब्ध हैं। विश्वविद्यालय की अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी पीठ के अधिष्ठाता डॉ. फूल सिंह ने बताया कि बीटेक प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग टेक्नोलॉजी के चार विद्यार्थियों शुभम गर्ग, एल. एंथनी डेविड, बी. विश्वनाथ तथा यदु कृष्णन को देश की प्रतिष्ठित कम्पनियों में रोजगार का अवसर प्राप्त हुआ है। इस चयन प्रक्रिया में विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेंटर के निदेशक डॉ. विकास गर्ग सहित विभाग के प्लेसमेंट कॉर्डिनेटर अनिल कुंडू ने विशेष योगदान दिया। उन्होंने बताया कि विद्यार्थियों के रोजगार का मार्ग सुगम बनाने के उद्देश्य से अध्ययन-अध्यापन के साथ-साथ औद्योगिक प्रशिक्षण, विशेषज्ञ व्याख्यानों आदि का आयोजन किया जाता है। शिक्षक तरूण सिंह, शम्मी मेहरा, निशान सिंह ने भी चयनित विद्यार्थियों को बधाई दी।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Dainik Jagran** **Date: 02-08-2022**

# हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के चार छात्रों का हुआ प्लेसमेंट

जासं, नारनौल: हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि), महेंद्रगढ़ के बीटेक प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग टेक्नोलाजी विभाग के चार विद्यार्थियों को देश की प्रतिष्ठित कंपनियों में रोजगार का अवसर प्राप्त हुआ है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने प्लेसमेंट पाने वाले विद्यार्थियों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग के क्षेत्र में रोजगार के भरपूर अवसर उपलब्ध हैं।

विश्वविद्यालय की अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी पीठ के अधिष्ठाता डा. फूल सिंह ने बताया कि बीटेक प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग टेक्नोलाजी के चार विद्यार्थियों शुभम गर्ग, एल एंथनी डेविड, बी विश्वनाथ तथा यदु कृष्णन को देश की प्रतिष्ठित कंपनियों में रोजगार का अवसर प्राप्त हुआ है।



बी विश्वनाथ • एल एंथनी • यधु कृष्णन • शुभग गर्ग •

इनमें से शुभम गर्ग का चयन मैक्स स्पेशलिटी फिल्म्स लिमिटेड, पंजाब में जबकि शेष तीनों विद्यार्थियों का प्लेसमेंट मनोहर फिलामेंट्स प्राइवेट लिमिटेड, चेन्नई में हुआ है।

इस चयन प्रक्रिया में विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेंटर के निदेशक डा. विकास गर्ग सहित विभाग के प्लेसमेंट को-आर्डिनेटर अनिल कुंडू ने विशेष योगदान दिया। प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग टेक्नोलाजी विभाग के प्रभारी संदीप बूरा ने बताया कि विद्यार्थियों का चयन उनके व्यावहारिक ज्ञान व कौशल व इंटरव्यू के माध्यम से हुआ है। विद्यार्थियों के रोजगार का मार्ग सुगम बनाने के उद्देश्य से अध्ययन-अध्यापन के साथ-साथ औद्योगिक प्रशिक्षण, विशेषज्ञ व्याख्यानों आदि का आयोजन किया जाता है। विभाग के शिक्षक तरुण सिंह, शम्मी मेहरा, निशान सिंह ने भी चयनित विद्यार्थियों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## यूपीएससी परीक्षा की निश्शुल्क कोचिंग शुरू

संवाद सहयोगी, महेंद्रगढ़ : हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि), महेंद्रगढ़ में अनुसूचित जाति के विद्यार्थियों को संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराने के लिए प्रवेश परीक्षा का आयोजन रविवार को किया गया। डा. आंबेडकर सेंटर आफ एक्सीलेंस (डेस) के अंतर्गत अनुसूचित जाति के चयनित 100 युवाओं को यूपीएससी प्री-लिम्स और मुख्य परीक्षा की निश्शुल्क कोचिंग प्रदान की जाएगी। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने परीक्षा केंद्र का दौरा किया। उन्होंने इस केंद्र को प्रशासनिक सेवा के माध्यम से देश की प्रगति में योगदान देने के इच्छुक अनुसूचित जाति के युवाओं के लिए महत्वपूर्ण बताया। विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक प्रो. राजीव कौशिक तथा डा. आंबेडकर सेंटर आफ एक्सीलेंस के समन्यवक डा. अंतरेश कुमार के बताया कि इस प्रवेश परीक्षा में देश के विभिन्न राज्यों से 190 अभ्यर्थी उपस्थित हुए। यह केंद्र सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से चलाया जा रहा है। इसके अंतर्गत होने वाले दाखिलों में 33 प्रतिशत सीटें महिला उम्मीदवारों के लिए आरक्षित हैं। डेस के लिए शिक्षकों की नियुक्ति प्रक्रिया भी जारी है और जल्द ही कोचिंग के लिए कक्षाएं आरंभ कर दी जाएंगी।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Haribhoomi** **Date: 02-08-2022**

# हकेंवि चार विद्यार्थियों का हुआ प्लेसमेंट

■ बीटेक प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग टेक्नोलॉजी विभाग के है चारों विद्यार्थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के बीटेक प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग टेक्नोलॉजी विभाग के चार विद्यार्थियों को देश की प्रतिष्ठित कंपनियों में रोजगार का अवसर प्राप्त हुआ है। विवि के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने प्लेसमेंट पाने वाले विद्यार्थियों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग के क्षेत्र में रोजगार के भरपूर अवसर उपलब्ध हैं। विश्वविद्यालय की अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी पीठ के अधिष्ठाता डॉ. फूलसिंह ने बताया कि बीटेक प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग टेक्नोलॉजी के चार विद्यार्थियों शुभम गर्ग, एल एंथनी डेविड, बी विश्वनाथ तथा यदु कृष्णन को देश की प्रतिष्ठित कम्पनियों में रोजगार का अवसर प्राप्त हुआ है। इनमें से शुभम गर्ग का चयन मैक्स स्पेशलिटी फिल्म्स लिमिटेड, पंजाब में जबकि बाकि तीनों विद्यार्थियों का प्लेसमेंट मनोहर फिलामेंट्स प्रा.लि. चेन्नई में हुआ है। इस चयन प्रक्रिया में विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेंटर के निदेशक डॉ. विकास गर्ग सहित विभाग के



महेंद्रगढ़। विश्वविद्यालय के चारों विद्यार्थी। फोटो: हरिभूमि

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Punjab Kesari** **Date: 02-08-2022**

# हकेंवि के 4 विद्यार्थियों को मिली प्लेसमैंट

## बी.टैक प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग टैक्नोलॉजी विभाग के हैं चारों विद्यार्थी

महेंद्रगढ़, 1 अगस्त (परमजीत, मोहन): हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि), महेंद्रगढ़ के बी.टैक प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग टैक्नोलॉजी विभाग के 4 विद्यार्थियों को देश की प्रतिष्ठित कंपनियों में रोजगार का अवसर प्राप्त हुआ है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने प्लेसमैंट पाने वाले विद्यार्थियों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग के क्षेत्र में रोजगार के भरपूर अवसर उपलब्ध हैं।



हकेंवि के प्लेसमैंट पाने वाले चारों विद्यार्थी।

विश्वविद्यालय की अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी पीठ के अधिष्ठाता डॉ. फूल सिंह ने बताया कि बी.टैक प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग टैक्नोलॉजी के 4 विद्यार्थियों शुभम गर्ग, एल. एंथनी डेविड, बी. विश्वनाथ तथा यदु कृष्णन को देश की प्रतिष्ठित कंपनियों में रोजगार का अवसर प्राप्त हुआ है।

इनमें से शुभम गर्ग का चयन मैक्स स्पैशएलिटी फिल्म्स लिमिटेड, पंजाब में जबकि बाकी तीनों विद्यार्थियों का प्लेसमैंट मनोहर फिलामैंट्स प्रा.लि., चेन्नई में हुआ है।

इस चयन प्रक्रिया में विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमैंट सैंटर के निदेशक डॉ. विकास गर्ग सहित विभाग के प्लेसमैंट को-आर्डिनेटर अनिल कुंडू ने विशेष योगदान दिया। प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग टैक्नोलॉजी विभाग के प्रभारी संदीप बूरा ने बताया कि विद्यार्थियों का चयन उनके व्यावहारिक ज्ञान व कौशल व इंटरव्यू के माध्यम से हुआ है।

उन्होंने बताया कि विद्यार्थियों के रोजगार का मार्ग सुगम बनाने के उद्देश्य से अध्ययन-अध्यापन के साथ-साथ औद्योगिक प्रशिक्षण, विशेषज्ञ व्याख्यानों आदि का आयोजन किया जाता है।

विभाग के शिक्षक तरुण सिंह, शम्मी मेहरा, निशान सिंह ने भी चयनित विद्यार्थियों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

## Public Relations Office

**Newspaper: Amar Ujala** **Date: 02-08-2022**

**हकेंवि में चार विद्यार्थियों का हुआ प्लेसमेंट :** हकेंवि के बीटेक प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग टेक्नोलॉजी विभाग के चार विद्यार्थियों को देश की प्रतिष्ठित कंपनियों में रोजगार का अवसर प्राप्त हुआ है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने प्लेसमेंट पाने वाले विद्यार्थियों की सराहना की। अभियांत्रिकी अधिष्ठाता डॉ. फूल सिंह ने बताया कि बीटेक प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग टेक्नोलॉजी के चार विद्यार्थियों शुभम गर्ग, एल. एंथनी डेविड, बी. विश्वनाथ, यदु कृष्णन को देश की प्रतिष्ठित कंपनियों में रोजगार का अवसर प्राप्त हुआ है। इनमें से शुभम गर्ग का चयन मैक्स स्पेशलिटी फिल्म्स लिमिटेड, पंजाब में जबकि बाकी तीनों विद्यार्थियों का प्लेसमेंट मनोहर फिलामेंट्स प्रा.लि., चेन्नई में हुआ है। प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग टेक्नोलॉजी विभाग के प्रभारी संदीप बूरा ने बताया कि विद्यार्थियों का चयन उनके व्यावहारिक ज्ञान व कौशल व इंटरव्यू के माध्यम से हुआ है।